# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (21.06.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:21.06.2025, PAGE-10



विश्वविद्यालय में शुक्रवार को बुके देकर नये कुलसचिव का स्वागत करते शिक्षक।

# बीआरएबीयू: नये कुलसचिव प्रो. समीर ने दिया योगदान

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू के नये कुलसचिव प्रो. समीर कुमार शर्मा ने शुक्रवार को योगदान दे दिया। इस अवसर पर कुलानुशासक डॉ. बीएस राय ने बुके देकर स्वागत किया।

अतिथि प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ. ललित किशोर, महासचिव डॉ. राघव कुमार, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. नीतेश कुमार, डॉ. सर्वेश्वर कुमार सिंह, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. यूएन झा, डॉ. अविनेश कुमार, डॉ. राकेश रंजन, डॉ. रामकृष्ण, डॉ. संजय कुमार यादव, डॉ. मोमिता बनर्जी आदि ने नये कुलसचिव को बुके देकर अभिनंदन किया। कुलसचिव ने कहा कि उनकी तीन प्राथमिकताएं हैं, प्रशासनिक काम में तेजी, शैक्षिक सुधार और वित्तीय अनुशासन।

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 21.06.2025, PAGE-10

# पेंडिंग ठीक होने पर छात्रों को जाएगा मैसेज

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू में छात्रों का पेंडिंग रिजल्ट ठीक होने पर उन्हें मैसेज जायेगा। नये परीक्षा नियंत्रक प्रो. रामकुमार छात्रों को राहत देने के लिए यह कदम उठाने जा रहे हैं। इसको लेकर उन्होंने परीक्षा विभाग के कर्मचारियों को निर्देश भी दिया है।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि हमलोग छात्रों के आवेदन के साथ उनका फोन नंबर और ईमेल आईडी भी लेंगे। कई छात्र ऐसे भी आते हैं, जिनका रिजल्ट ठीक होनेवाला नहीं होता है। उन छात्रों को भी हम सूचना भेज देंगे। विवि में छात्रों को चक्कर नहीं काटना पड़े, इसलिए उन्हें मैसेज भेजने की व्यवस्था की जा रही है। कई कॉलेजों के डिस्पैच रजिस्टर पर डिग्री के चले जाने की सूचना रहती है, लेकिन डिग्री कॉलेज नहीं पहुंचती है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जायेगा कि जिस कॉलेज के डिस्पैच पर डिग्री चढ़ जाये, उस कॉलेज में डिग्री पहुंच जाये।

## स्नातक पार्ट थ्री में 94 हजार छात्रों ने भरा फॉर्म

स्नातक पार्ट थ्री सत्र 2022-25 की परीक्षा के लिए 94 हजार छात्रों ने फार्म भरा है। हालांकि, अभी परीक्षा की तारीख जारी नहीं की गई है। बीआरएबीयू में ओल्ड कोर्स की यह अंतिम परीक्षा है। उम्मीद जताई जा रही है कि परीक्षा जुलाई में होगी। जून के अंत तक एडमिट कार्ड जारी किया जायेगा।

**एडमिट कार्ड पर कुछ और अंकपत्र पर दूसरा विषय:** सत्र 2024-28 के पहले सेमेस्टर में सैकड़ों छात्रों के अंकपत्र और एडमिट कार्ड पर अंकित विषय में अंतर मिला है। गलत विषय चढ़ने से छात्रों का रिजल्ट पेंडिंग हो गया है। ये छात्र कॉलेज और विवि के चक्कर काट रहे हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE:21.06.2025
PAGE-06

## नए रजिस्टार प्रो. समीर शर्मा ने दिया योगदान

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के नए रजिस्ट्रार प्रो. समीर कुमार शर्मा ने शुक्रवार को योगदान दिया। प्राक्टर प्रो. बीएस राय समेत विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी। रजिस्ट्रार ने कहा कि उनकी वित्तीय अनुशासन के साथ प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाई जाएगी। अतिथि प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डा. ललित किशोर, महासचिव डा. राघव कुमार, डा. रंजीत कुमार, डा. नीतेश कुमार, डा. सर्वेश्वर कुमार सिंह, डा. राकेश कुमार, डा. यूएन झा समेत अन्य ने बुके देकर नए रजिस्ट्रार का स्वागत किया।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 21.06.2025, PAGE-06

## तीन केंद्रों पर होगी वोकेशनल की संयुक्त प्रवेश परीक्षा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए हो रही संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं। 25 जून को विद्यार्थी एलएस कालेज, आरडीएस कालेज और आरबीबीएम कालेज में परीक्षा देंगे। सत्र 2025 में होने वाले नामांकन के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि शुक्रवार को समाप्त हो गई है। इस आधार पर अब तक 3716 विद्यार्थियों ने आवेदन किए हैं।

**कल से विद्यार्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे, एलएस आरडीएस और आरबीबीएम कालेज केंद्र पर होगी परीक्षा**

सबसे अधिक आवेदन बीसीए तो सबसे कम आवेदन इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री कोर्स में आए हैं। परीक्षा के लिए रविवार से एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा। एडमिट कार्ड पर जन्म तिथि अंकित होगी। सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह ने दी। बताया कि



परीक्षा एक से तीन बजे तक होगी। इसके लिए 12 बजे से एंट्री शुरू हो जाएगी। परीक्षा में ओएमआर शीट पर होगी। इसमें केवल आब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जाएंगे। कुल 50 प्रश्न होंगे। एक प्रश्न दो अंक का होगा। परीक्षा में इंटर स्तरीय प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा के बाद शीघ्र ही रिजल्ट जारी कर दिया जाए ऐसा प्रयास किया जा रहा है। परिणाम के आधार पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कालेजों में नामांकन और कक्षाओं का संचालन होगा। इससे पहले नामांकन के लिए विश्वविद्यालय स्तर से विद्यार्थियों का आवंटन होगा।

**नामांकन समिति की बैठक सोमवार को :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक के नए सत्र में नामांकन के लिए सोमवार को नामांकन समिति की बैठक होगी। इसमें नामंकन के लिए सीटों की संख्या, फीस की एकरूपता से लेकर अन्य मुद्दों पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक के लिए विश्वविद्यालय स्तर से तैयारियां लगभग अंतिम चरण में है। दूसरी ओर 38 कालेजों के संबंधन संबंधी प्रस्ताव पर अब तक राज्य सरकार को प्रस्ताव नहीं भेजा जा सका है। इसकी प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:21.06.2025, PAGE-06

# डिग्री के लिए दस्तावेज कर सकेंगे अपलोड

## आनलाइन आवेदन के समय अंकपत्र और रजिस्ट्रेशन स्लिप अपलोड करने की मिलेगी सुविधा

- नए परीक्षा नियंत्रक ने की बैठक डिग्री की प्रक्रिया को सुगम बनाने पर बनी सहमति
- अभी आनलाइन आवेदन के बाद विद्यार्थी काउंटर पर जमा करते दस्तावेज की हार्ड कापी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब डिग्री जारी करने की प्रक्रिया को सुगम बनाई जाएगी। डिग्री के लिए आवेदन करते समय छात्र-छात्राओं को दस्तावेज अपलोड करने का विकल्प मिलेगा। छात्र आनलाइन आवेदन के समय अंकपत्र और रजिस्ट्रेशन स्लिप को अपलोड कर सकेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय स्तर से राजभवन से संपर्क स्थापित कर वेबसाइट में सुधार के लिए अनुरोध किया जाएगा। अगर फिलहाल आनलाइन विकल्प में सुधार नहीं होता है तो दूसरा विकल्प भी तैयार किया गया है। विश्वविद्यालय स्तर से कोई ईमेल या लिंक जारी किया जाएगा। इस पर विद्यार्थी अपने दस्तावेज अपलोड करेंगे और यह विश्वविद्यालय को प्राप्त होगा। इसके साथ ही डिग्री तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। शुक्रवार को नए परीक्षा नियंत्रक डा. राम कुमार ने डिग्री सेक्शन के कर्मचारियों के साथ बैठक की। नियंत्रक ने कहा कि यह प्रयास होना चाहिए कि विद्यार्थियों को परीक्षा विभाग का चक्कर नहीं



लगाना पड़े। मौजूदा व्यवस्था में डिग्री के लिए आनलाइन आवेदन में छात्र-छात्राओं को अंकपत्र और रजिस्ट्रेशन स्लिप को अपलोड करने का विकल्प नहीं मिलता है। आवेदन और शुल्क भुगतान के बाद भी उन्हें अंकपत्र व रजिस्ट्रेशन स्लिप समेत अन्य दस्तावेज दोबारा विश्वविद्यालय के काउंटर पर ही जमा कराना पड़ता है। जो छात्र इस प्रक्रिया को जानते हैं वे काउंटर पर पहुंचते हैं लेकिन ज्यादातर आवेदन कर छोड़ देते हैं। इस कारण उनकी डिग्री नहीं बन पाती है। विश्वविद्यालय के एप्लीकेशन स्टेट्स से जानकारी नहीं मिल पाती है। परीक्षा नियंत्रक डा. राम कुमार ने बताया कि विद्यार्थी दस्तावेज अपलोड कर सकें इस दिशा में प्रयास किया जाएगा।

**विशेष अभियान चलकार टीआर को किया जाएगा अपडेट** : छात्र-छात्राओं के पेंडिंग रिजल्ट के मामले में परीक्षा विभाग के स्तर से उनके अंकपत्र में सुधार तो हो जाता है, लेकिन उनका टीआर नहीं सुधरता है। इस कारण जब छात्र डिग्री के लिए आवेदन करते हैं तो टीआर से सत्यापन और मिलान के क्रम में रिकार्ड मिल नहीं पाता है। इसके कारण संबंधित छात्र की डिग्री को प्रोसेस नहीं किया जाता है। यानी छात्र के पास अपडेट अंकपत्र होता है, लेकिन टीआर में यह दर्ज नहीं होता है। ऐसे में विश्वविद्यालय स्तर से यह फैसला किया गया है कि विशेष अभियान चलाकर टीआर में सुधार कराते हुए रिकार्ड को दुरुस्त किया जाएगा। दूसरी ओर नौकरी या इंटरव्यू के लिए अगर किसी अभ्यर्थी को अविलंब डिग्री की जरूरत है तो उन्हें अविलंब सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

दूसरी ओर डिग्री तैयार होने के बाद भी कई कालेज उसे नहीं ले जाते हैं। प्राचार्यों से अनुरोध किया जाएगा कि सप्ताह में कम से कम एक दिन प्रतिनिधि को विश्वविद्यालय भेजकर तैयार सर्टिफिकेट प्राप्त करें। पेंडिंग केस के मामले में पूरी रिपोर्ट परीक्षा नियंत्रक को देनी होगी। डिग्री के लिए आवेदन को खारिज करने का कारण परीक्षा नियंत्रक को बताना होगा। साथ ही अगर जरूरत पड़ती है तो विभाग में और कर्मियों की सेवा ली जाएगी।

### फार्म के साथ ही शुल्क जमा करने वालों की मिलेगी डिग्री

परीक्षा फार्म के साथ ही डिग्री के लिए शुल्क जमा करने वाले विद्यार्थियों को सत्यापित चालान के आधार पर डिग्री मिलेगी। इसके लिए उन्हें कालेज या विभागाध्यक्ष से चालान और आवेदन को सत्यापित कराना होगा। साथ ही उन्हें चालान के साथ परीक्षा विभाग में आवेदन करना होगा। स्नातक के अंकपत्र को फार्मेट के अनुसार प्रिंट करने का निर्देश दिया गया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 21.06.2025, PAGE-04


# कुलसचिव ने विवि में दिया योगदान

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में नवनियुक्त कुलसचिव प्रो समीर शर्मा ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया. विश्वविद्यालय में उनके योगदान के बाद अधिकारियों ने बुके व माला पहनाकर उनका स्वागत किया. कुलानुशासक प्रो.बीएस राय, अतिथि प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ ललित किशोर, महासचिव डॉ राघव कुमार, डॉ रंजीत कुमार, डॉ नीतेश कुमार, डॉ सर्वेश्वर कुमार सिंह, डॉ राकेश कुमार, डॉ यूएन झा, डॉ अविनेश कुमार, डॉ राकेश रंजन, डॉ रामकृष्ण, डॉ संजय कुमार यादव, डॉ मोमिता बनर्जी, डॉ अजय शरण, डॉ संगीता कुमारी, डॉ मिंटू कुमारी ने भी स्वागत किया. प्रो.समीर ने कहा कि विश्वविद्यालय में कार्य तेजी से हों व शैक्षिक सुधार के साथ वित्तीय अनुशासन हो. इसको लेकर वे प्रयास करेंगे. प्राथमिकता के तौर पर इन कार्यों को किया जाएगा. वहीं सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक-कर्मचारियों को दौड़ना नहीं पड़े. इसको लेकर भी प्रयास होगा. उन्होंने योगदान करने के बाद कामकाज की जानकारी ली. अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ ललित किशोर ने कहा कि नए कुलसचिव के नेतृत्व में विश्वविद्यालय तेजी से कार्य करेगा. अतिथि प्राध्यापक संघ ने परीक्षा नियंत्रक डॉ रामकुमार का भी स्वागत किया.

**Ref:....................** **Date:.........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:21.06.2025, PAGE-04


## विवि. नामांकन समिति की बैठक 23 को, सीटों पर लेंगे निर्णय

# 25 तक आ सकती है स्नातक में दाखिले के लिए पहली मेधा सूची

- 1.60 लाख विद्यार्थियों ने स्नातक मे दाखिले के लिए किया है आवेदन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में स्नातक सत्र 2025-29 में दाखिले के लिए 25 जून तक मेधा सूची जारी हो सकती है. इससे पूर्व सोमवार को नामांकन समिति की बैठक में सीटों पर निर्णय लेंगे. जिन विषयों में विद्यार्थियों का अधिक रूझान है, उनमें सीट बढ़ाने पर चर्चा की जायेगी. पिछले दो या तीन सत्रों में संबंधित विषयों में लिए गए नामांकन के आधार पर सीट बढ़ाने पर निर्णय लिया जायेगा. इसके बाद 25 जून तक मेधा सूची जारी की जा सकती है. फिलहाल अब पोर्टल नहीं खुलेगा.

कहा गया है कि यदि सरकार अब इस सत्र के लिए कॉलेजों को मान्यता देती है तो आगे पोर्टल खोलने पर विचार किया जायेगा.फिलहाल मेधा सूची जारी कर नामांकन लिया जायेगा.15 जुलाई से कॉलेजों में नये सत्र की कक्षाएं शुरू करने की योजना है. बता दें कि अबतक विवि के पोर्टल पर 1.60 लाख छात्र-छात्राओं ने स्नातक में दाखिले के लिए आवेदन दिया है. पिछले वर्ष 1.60 लाख से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन इस कोर्स में हुआ था. हालांकि, ऑनस्पॉट राउंड में 25 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने नामांकन लिया था. इसबार विकल्प मिलेगा या नहीं, इसपर भी निर्णय लिया जायेगा.

## वोकेशनल कोर्स : दाखिले के लिए तीन केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा

- 22 जून को आयेगा एडमिट कार्ड, 25 जून को प्रवेश परीक्षा
- दो घंटे की होगी परीक्षा, 50 प्रश्नों के देने होंगे उत्तर

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के विभिन्न कॉलेजों व पीजी विभागों में संचालित वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए 25 जून को प्रवेश परीक्षा होगी. इसके लिए तीन केंद्र बने हैं. लंगट सिंह, रामवृक्ष बेनीपुरी महिला व रामदयालु सिंह कॉलेज केंद्र पर परीक्षा होगी. 22 जून को विवि एडमिट कार्ड जारी करेगा. बताया गया कि दो घंटे की परीक्षा होगी. इसमें 50 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे. प्रत्येक प्रश्न दो-दो अंकों के हैं. निगेटिव मार्किंग नहीं होगी.विभिन्न वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए कुल 3716 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है. इसमें से 1527 आवेदन सिर्फ बीसीए कोर्स के लिए आये हैं. वहीं इंडस्ट्रियल केमेस्ट्री में आठ व बैचलर ऑफ मास कम्युनिकेशन में 9 आवेदन हैं. परीक्षा दोपहर 1 से तीन बजे तक होगी. इसके लिए 30 मिनट पहले तक प्रवेश करने दिया जायेगा.

**10वीं-12वीं स्तर का होगा प्रश्न :** वोकेशनल कोर्स के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा में स्नातक स्तर के कोर्स के लिए 10वीं-12वीं स्तर के प्रश्न पूछे जायेंगे. अंग्रेजी व जीएस से भी प्रश्न रहेंगे. वहीं पीजी या डिप्लोमा कोर्स के लिए स्नातक स्तर के प्रश्न पूछे जायेंगे.

## तृतीय सेमेस्टर का रिजल्ट अगले हफ्ते संभावित

**मुजफ्फरपुर.** स्नातक सत्र 2023-27 में नामांकित विद्यार्थियों का तृतीय सेमेस्टर का रिजल्ट अगले सप्ताह जारी हो सकता है. मूल्यांकन पूरा हो चुका है. अब टेबुलेशन किया जा रहा है. इसके बाद समीक्षा होगी और रिजल्ट जारी कर दिया जायेगा. विवि ने बताया है कि 12 से अधिक कॉलेजों ने प्रायोगिक परीक्षा व इंटरनल का अंक नहीं भेजा है. ऐसे में उनसे कहा है कि वे शीघ्र दोनों जमा कर दें. इसमें देरी हुई तो उनके कॉलेज को छोड़ अन्य का रिजल्ट जारी कर देंगे.

- वेबसाइट पर इस खबर को पढ़ने के लिए इसे स्कैन करें